# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## नवम्बर 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना बनी जीवनदायिनी

भिलाईनगर। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 4 गाड़ी चलाई जा रही है। जनरल ओपीडी के डा़ॅक्टर एवं विशेषज्ञ डा़ॅक्टर बैठते है। आवश्यकतानुसार सभी प्रकार के ब्लड टेस्ट कराने की भी सुविधा गाड़ी में उपलब्ध है। डा़ॅक्टर द्वारा लिखी गई सभी दवाईयां एवं जा़ॅच निःशुल्क किये जाते है।

प्रतिदिन नगर निगम भिलाई के सभी जोन में निर्धारित तिथि के अनुसार गाड़ी जा रही है। जहां पर श्रमिक लोग, उनके परिवार के सदस्य एवं आमजन इलाज करा सकते हैं। जो इलाज हम प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर कराते हैं वह डाक्टर हमसे फीस लेते हैं हमे तमाम प्रकार की जांच लेबोरेटरी में जाकर कराते हैं। फिर जाकर हमें पता चलता है क्या बीमारी है इसमें मजबूरी में हमारा अनावश्यक पैसा खर्च हो जाता है।

शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के 3 मोबाईल मेडिकल युनिट एवं 1 दाई-दीदी-क्लीनिक बस नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चलती है। उसी में डॉक्टर नर्स और आवश्यकता अनुसार दवाई भी वितरित की जाती है। इसका समय सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक रहता है। वार्ड के सार्वजनिक स्थल पर लगाया जाता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने श्रमिक बहुल्य क्षेत्र में रहने वाले परिवारो से अनुरोध किये है कि अधिक से अधिक संख्या में जाकर शासन द्वारा प्रदाय चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाये। यह सुविधा सभी श्रमिक भाईयो एवं परिवारो के लिए निशुल्क उपलब्ध है।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# कार्ययोजना बनाकर की जा रही है उद्यानों की साफ-सफाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित उद्यानों का कार्ययोजना बनाकर की जा रही है साफ-सफाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान है, जिसका संधारण एवं रखरखाव उद्यान विभाग के श्रमिक लगाकर कराया जाता है। सभी उद्यानों में फलदार, फूलदार, छायादार पौधे, फूलो की क्यारी, खेल सामग्री एवं घूमने के लिए पाथवे भी बनाया गया है। जहां प्रतिदिन आस-पास के वरिष्ठ नागरिक टहलने एवं बच्चे खेलने आते रहते है। उनकी सुविधा को देखते हुए उद्यानों की साफ-सफाई कराई जा रही है नगर निगम भिलाई के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू प्रतिदिन उद्यानों की मॉनिटरिंग करते है। जिन उद्यानों के घास, किनारे के पेड़ बड़े हो जाते है डाली इधर-उधर फैल जाते है उसे श्रमिकों की टीम लगाकर कटाई-छटाई कराया जाता है।

जिससे आने वाले नागरिको एवं बच्चो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निगम के पॉचो जोन क्षेत्र में उद्यान बनाया गया है, जहां पर आवश्यकतानुसार श्रमिक लगाकर साफ-सफाई कराया जा रहा है। साथ ही पौधो एवं क्यारी में पानी की सिंचाई, खाद इत्यादि डालकर पौधो को हरा-भरा रखा जा रहा है। रोड के बीच बने डिवाइडरो में टेंकर के माध्यम से पानी की सिंचाई भी कराई जा रही है, जिससे सभी पेड़-पौधे जीवित रहे। नगर निगम भिलाई द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उद्यानों में टहलने घूमने आने वाले सभी नागरिकों एवं बच्चों से यह भी अनुरोध है कि गार्डन में फूल पौधों को नुकसान ना पहुंचाएं, किसी प्रकार का गंदगी न करें, कोई दूसरा करता है तो उसे भी रोकने का प्रयास करें। इससे हमारा गार्डन और खूबसूरत रहेगा ।



# आयुक्त पहुंचे उद्यानों की साफ-सफाई का औचक निरीक्षण करने

भिलाईनगर। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को जानकारी मिली थी कि नगर पालिक निगम भिलाई में लगभग 150 उद्यान है। जहां पर स्थानीय निवासी रोज सुबह एवं शाम टहलने, बैठने, व्यायाम करने उद्यानों में आते है।

उनके साथ ही उद्यानों में बच्चे भी खेलने आते रहते है। निगम आयुक्त उद्यानों की साफ-सफाई व्यवस्था देखने के लिए जी.ई.रोड स्थित नेहरू नगर जीम, योग, खेल एवं राशि उद्यान पहुंचे। वहां की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किये। उद्यानों की साफाई कर रहे कर्मचारियों से बात किये। यह देखने में आता है, कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निगम के उद्यानों में लगे फैसिंग, तारो एवं ग्रील को तोड़ देते है।

वहां से आने-जाने का रास्ता बना दिया जाता है। कुछ ग्रीलों को चोरी कर ले जाते है। इसके लिए आयुक्त ने निर्देशित किया की जहां भी ऐसी घटना होती है। वहां का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन लेकर पंचनामा तैयार कर एफआईआर दर्ज कराया जाए। पुलिस प्रशासन द्वारा तपसीस की जाएगी और संबंधितो को इसकी सजा दी जाएगी। आयुक्त पाण्डेय ने उद्यानों में आन-जाने वाले लोगो से अनुरोध किये है कि इस प्रकार के असामाजिक तत्वों को देखे तो मना करें। यह संपत्ति हम सबकी है, सबको इसका देख-रेख वैसा ही करना है जैसा अपने घर की संपत्ति का करते हैं। गौरतलब है कि नगर निगम भिलाई का सफाई मित्र रोज सुबह प्रत्येक घर के दरवाजे पर जाता है और आवाजें लगता है।

घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को लेकर आता है। सफाई सुपरवाइजर से जानकारी मिली कि नेहरू नगर के कुछ बंगलो में रहने वाले घर से निकलने वाले कचरे को उद्यानों में लाकर फेंक देते है। अपने बंगलो से निकलने वाले कचरे का उद्यानों में फेंकना संक्रिणता का द्योतक है । ऐसा करने वालो पर अर्थ दंड की कार्यवाही की जावेगी।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# महापौर परिषद की बैठक संपन्न हुई।

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्रमुख रूप से 3 बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में ससत योजना के तहत नगरीय निकास ठोस अपशिष्ट, अन्य बायोमास से कम्प्रेस्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि स्थानांतरण बाबत समिति के सामने विचारार्थ रखा गया था। जो शासन के आदेश 28.04.2023 अनुसार सीबीडीए छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट एजेंसी राज्य में नोडल एजेंसी है। जिसके माध्यम से सीबीजी प्लांट की स्थापना किया जाना है। उक्त प्रस्ताव को सलाहकार समिति के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया है। निगम क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार में डबल वाल्व सिस्टम लगाने के लिए समिति के समक्ष विचारर्थ रखा गया। जिसे समिति ने विशेष पर चर्चा करने के बाद पुनः निविदा आमंत्रित करने को कहा। तृतीय विषय नगर पालिक निगम भिलाई कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना का कार्य करवाये जाने बाबत। जिसमें 100 किलो वाट एवं 50 किलो वाट सक्षता के आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना का कार्य तीन स्थलो पर स्थापित करने के लिए प्राकल्लन तैयार कर लाया गया था। जिसे सलाहकार समिति के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्यो द्वारा अन्य जन उपयोगी विषयो को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के समक्ष विचारार्थ रखे। जिसमें चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई से संबंधित जितने भी उद्यान है एवं अन्य निगम के संपत्तियाँ है। उसको कभी-कभी असमाजिक तत्वो द्वारा छतिग्रस्त कर दिया जाता है। कुछ उद्यानों का ग्रिल एवं फैसिंग तार चोरी हो जाता है। ऐसे कार्यो की जानकारी मिलने पर स्थल निरीक्षण करवाकर सत्यापित करवाकर एफआईआर दर्ज किया जावे। पुलिस विभाग उक्त संबंध में अपनी कार्यवाही करेगी। चोरी संबंधी प्रकरणो का निराकरण करना पुलिस का कार्य है। महापौर परिषद के बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चैबे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती मालती ठाकुर, नेहा साहू एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव आदि उपस्थित रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# सी.ओ, सी.आर.पी. द्वारा भी बनाया जाएगा 70 प्लस वृद्वजनों का आयुष्मान कार्ड।

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 26 हजार के 70 प्लस से अधिक उम्र के वृद्वजन निवासरत है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 70 प्लस के हितग्राहियो के लिए फ्री ईलाज की व्यवस्था की जा रही है।

इसके लिए उन्हे स्वयं का आयुष्मान कार्ड बनाना होगा। आयुष्मान कार्ड बन जाने के बाद शासन द्वारा निर्धारित सभी बड़े अस्पतालो में जाकर ईलाज करवा सकते है। इसी को देखते हुए अधिक से अधिक लोगो का आयुष्यमान कार्ड शीध्र बन जाए। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने स्वयं सामुदायिक संगठक एवं स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति की बैठक लेकर के उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कि अपने वार्ड, मोहल्ले एवं कार्यस्थल क्षेत्र में जाकर 70 प्लस वृद्वजनो से संपर्क कर उनका आयुष्मान कार्ड बनावे।

इसके लिए उन्हे मोबाईल में आई.डी. प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 प्लस आयुष्मान कार्ड के आंनलाईन वेबसाईड में जाकर अपने परिवार के बच्चो के माध्यम से इनराइड मोबाईस से आयुष्मान कार्ड बना सकते है। उसकी भी वैधता वही रहेगी। सभी वर्ग के लोग आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। यह सुविधा सबके लिए है। बैठक के दौरान जिले से देवेश द्विवेदी, नोडल अधिकारी अनिल सिंह, मिशन मैनेजर अमन पटले, सीओ, सीआरपी आदि उपस्थित रहे।






नगर पालिक निगम भिलाई

# विधान दिवस के अवसर पर निगम के अधिकारी/कर्मचारी ने शपथ ली।

भिलाईनगर/भारत के संविधान को अंगीकृत 26 नवम्बर 1949 को लागू किया गया था, हमारा संविधान आज 75 वर्ष पूर्ण कर चुका है। संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा एवं श्रद्वा रखते हुए आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निगम सभागार में सुबह 10 बजे संविधान दिवस की शपथ दिलाई। आयुक्त ने कहा हमारे देश का कानून, विधान, कार्यपालिका, न्यायपालिका सब संविधान में दिये गये उपबन्धो के अनुरूप संचालित होता है। हम सबको अपने संविधान के प्रति प्रेम एवं सम्मान है, हमे गर्व है अपने संविधान के उपर।

भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लोकतांत्रिक प्रणाली हमारे संविधान के अनुरूप ही संचालित होता है। आज 26 नवम्बर को पुरा देश संविधान दिवस मना रहा है। नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में भी जोन आयुक्त द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को संविधान दिवस का शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण के दौरान अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, स्वच्छता ब्रान्ड अम्बेसडर अमिताभ भट्टाचार्या, प्रोग्रामर दिप्ती साहू, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, लेखाधिकारी चंद्रकांत साहू, स्टेनो पुरूषोत्तम साहू, आवास प्रभारी विद्ययाधर देवांगन, भैय्यालाल असाटी, गैदराम सिन्हा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्माणाधीन मकानो का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

भिलाईनगर/प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम भिलाई के विभिन्न हाउसिंग क्षेत्रों में मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें मोर मकान-मोर आस, मोर मकान-मोर चिन्हारी एवं बीएलसी मोर जमीन-मोर मकान मकानों में हो रहे निर्माण का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान संबंधित एजेंसी चंद्रनिर्मल प्राईवेट लिमिटेड एवं गोयल ट्रेडर्स जिसे मकान निर्माण का काम दिया गया है, उनको निर्माण कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किये। साथ ही कहा कि रोड़, नाली, पानी, बिजली की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग से कार्यपालन अभियंता नवीन राठी भी वहां उपस्थित थे, उनको मकान निर्माण के दौरान विद्युत व्यवस्था मार्च में ही पूर्ण करने के बारे में आयुक्त से चर्चा हुई। तो उनको द्वारा बताया गया कि सीएसईबी निविदा प्रक्रिया में विलम्ब होने के कारण ट्रांसफॉर्मर नहीं लग पाया, जिससे विद्युत व्यवस्था की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाई, जिसे शीध्र पूर्ण करने को कहा।

कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा एवं एजेंसी के अभियंता को निर्देशित किये कि समय-समय पर आकर कार्यो का निरीक्षण करें। जैसे-जैसे मकानो का निर्माण पुरा होते जाए, हम लाॅटरी के माध्यम से उसको आबंटित करते जाएगें। प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अति महत्वकांक्षी योजना है। इसको समय अवधि में पूर्ण करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी। कुछ मकान जो पूर्व में आबंटित हो चुके है, वहां पर निवासरत हितग्राहियो से जानकारी प्राप्त किये। वहां पर रहने पर किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी तो नहीं हो रही है। हितग्राही भगवंतीन द्वारा बनाया गया कि उन्हे मकान में रहकर बहुत अच्छा लग रहा है मैं बालकनी से खड़े होकर बाहर देखती हूॅ, तो बहुत अच्छा लगता है। कभी नहीं सोची थी कि मेरे मकान में भी बालकनी, शौचालय, बाॅथरूम, किंचन होगा। आयुक्त ने सभी से सफाई व्यवस्था बनाये रखने, अपने घरो से निकलने वाली सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग देने कहा।






# अपने घर से बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू करें-मितानिन बहने।

भिलाईनगर/ 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निरंतर चल रहा है। अभी तक 900 से अधिक 70 प्लस के बुजुर्ग व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसको और गति देने के लिए नगर निगम भिलाई की सभागार में मितानिन बहने, ट्रेनर एवं मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर की गई की ट्रेनिंग आयोजित की गई। उन्हें बताया गया कैसे हम मोबाइल के माध्यम से रजिस्टर्ड करने के बाद हितग्राहियों को घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। 70 प्लस आयुष्मान कार्ड सभी वर्ग के लोगों का बन रहा है, इसमें ₹500000 तक का नेशनल चिकित्सा बीमा प्रदान किया जाता है।

आयुष्मान कार्ड द्वारा शासन द्वारा निर्धारित प्रमुख अस्पतालों में निशुल्क इलाज करवाया जा सकता है। फिर उसके बाद अपने अड़ोस-पड़ोस, मोहल्ले के घर.घर जाएं आयुष्मान कार्ड बनाएं, हमारे नगर निगम में 26000 से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाना है, इसमें शीघ्रता लाना है। निर्धारित अवधि के अंदर हम सब अपने लक्ष्य को पाना है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल आवाहन किया है कि प्रधानमंत्री जी द्वारा बहुत ही अच्छी योजना लाई गई है।

सभी बुजुर्गों के बहुत उपयोगी  है 70 प्लस के बड़े बुजुर्गों को इलाज में बहुत लाभ मिलेगा। हम लोग वार्डो में शिविर लगाएंगे, घर.घर जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे भिलाई नगर के निवासियों से अपील है। कि अपने घर के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाने के लिए प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहे  समन्वयक देवेश त्रिवेदी मैनेजर, अमन पटले आदि उपस्थित रहे।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम प्रशासन ने 06 कर्मचारियों को स-सम्मान बिदाई दी।

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के सभागार में सोमवार को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 06 कर्मचारियों को स-सम्मान बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-1 से यतराम चन्द्रकार पम्प सहायक, संपत्तिकर विभाग से नरहर लाल यादव चैकीदार, जोन क्रमांक-2 से उषा जोशी भृत्य, जोन क्रमांक-2 से बुधरू सफाई कामगार, जोन क्रमांक-4 से ताम्रध्वज बारले सफाई कामगार, जोन क्रमांक-5 से अर्जुनलाल सफाई कामगार को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सेवानिवृत्त कर्मचारियो ने अपनी कार्य अवधि को याद कर बताया कि कैसी भी परिस्थिति हो हमने निगम के हित को ध्यान में रखकर कार्य किये। अंत में आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियो से कहा कि जो भी बकाया राशि होगी उसका भुगतान शीघ्र किया जाएगा हम सबको मिलकर के निगम के हित में काम करना है राजस्व की आय बढ़ाना हमारा पहली प्राथमिकता है। हम सबको मिलकर काम करना है, किसी प्रकार की समस्या होने पर मुझे अवगत करावे, जिससे उसका हल निकालकर उसका शीध्र निराकरण किया जा सके। बिदाई कार्यक्रम में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, चीफ इंजीनियर भागीरथ वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, रीता चतुर्वेदी, संजय शर्मा, भैया लाल असाटी, पुरुषोत्तम साहू सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**Editorial Board**

श्री राजीव कुमार पाण्डेय
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अजय कुमार शुक्ला
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई